दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 01 अंक :- 271 मुरादाबाद 25 January 2022 (Tuesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ



## प्रियंका गांधी के बड़े अभियान को झटका, कांग्रेस के घोषित प्रत्याशी ही छोड़ने लगे पार्टी



लखनऊ- उत्तर प्रदेश में करीब तीन दशक से सत्ता का वनवास झेल रही देश के सबसे बड़े राजनैतिक दलों में से एक कांग्रेस को नया कलेवर भी रास नहीं आ रहा है। उत्तर प्रदेश में अब कांग्रेस की बागडोर पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के हाथ में हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा के उत्तर प्रदेश में बिना किसी दल के गठबंधन के 403 सीट पर चुनाव लड़ने के अभियान को ही झटका लगने लगा है। यहां पर पार्टी ने जिनको प्रत्याशी घोषित किया है,

### कांग्रेस को गढ़ में ही लगा झटका

रायबरेली तथा अमेठी के बाद रामपुर को भी कांग्रेस का बड़ा गढ़ माना जाता है। प्रियंका गांधी ने यहां की चमरौआ विधानसभा सीट से खान युसूफ अली तथा स्वार-टांडा से हैदर अली खान उर्फ हमजा मियां को पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया थ्हा। इनमें से खान यूसुफ अली तो समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए थे, जब उनको समाजवादी पार्टी से टिकट नहीं मिला तो फिर कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। स्वार-टांडा से हैदर अली खान उर्फ हमजा मिंया तो नवाब खानदान के हैं। टिकट मिलने के बाद इन्होंने भी पार्टी छोड़ दी। हमजा मियां अपना दल (एस) में शामिल हो गए हैं। इनको अपना दल ने प्रत्याशी भी घोषित कर दिया है। इन दो के अलावा बरेली कैंट सीट से घोषित कांग्रेस उम्मीदवार सुप्रिया ऐरन ने भी पार्टी छोड़ दी है। इनके पति प्रवीण सिंह एरन कांग्रेस से बरेली से सांसद हुआ करते थे और सुप्रिया एरन भी कांग्रेस के टिकट पर बरेली से दो बार महापौर बनीं थी। यह परिवार भी पुराना कांग्रेसी परिवार था, अब यह लोग समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए हैं। समाजवादी पार्टी ने सुप्रिया एरन को बरेली कैंट से प्रत्याशी भी घोषित किया है।

### कांग्रेस के चार विधायकों ने पार्टी छोड़ी

कांग्रेस के सात में से चार विधायकों ने पार्टी छोड़ दी है। तीन तो भाजपा में शामिल हो गए जबकि एक ने राष्ट्रीय लोकदल का दामन थामा है। रायबरेली से विधायक अदिति सिंह और इसी जिले के हरचंदपुर से विधायक राकेश सिंह लम्बे समय से बगावत पर थे। इसके अलावा सहारनपुर के बेहट से विधायक नरेश सैनी भाजपा में शामिल हो गए हैं। सहारनपुर देहात से विधायक मसूद अख्तर इमरान मसूद के हैं। उनका तो समाजवादी पार्टी को समर्थन है।प्रियंका गांधी के करीबी रहे ललितेशपति त्रिपाठी को भी चुनाव लड़ने की हरी झंडी मिल चुकी थी, लेकिन कांग्रेस को अलविदा कहकर टीएमसी में शामिल हो गए।

### विधानसभा चुनाव से पहले दिग्गजों ने छोड़ा साथ

इमरान मसूद से लेकर कई बड़े नेताओं ने कांग्रेस को विधानसभा चुनाव की तारीख घोषित होने से पहले ही छोड़ दिया था। उन्हें लगता है कि कांग्रेस पार्टी ने फिलहाल दम नहीं है। पोस्टर गर्ल लखनऊ की डा प्रियंका मौर्या भी गंभीर आरोप लगाकर पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो गई हैं। प्रियंका गांधी बुंदेलखंड में जिन कांग्रेस नेताओं के दम पर पार्टी को मजबूत करने के लिए मशक्कत कर रही थीं, उन सभी नेताओं ने पार्टी छोड़ दी है. पूर्व विधायक व प्रियंका की सलाहकार समिति के सदस्य विनोद चतुर्वेदी, पूर्व विधायक गयादीन अनुरागी, महोबा के पुराने कांग्रेसी खानदान के मनोज तिवारी भी सपा में शामिल हो गए।

## ढाई महीने यूपी में रहेगा जिन्ना का भूत, 'हिंदू-मुसलमान' पर बोले राकेश टिकैत



भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने आगामी विधानसभा चुनाव से पहले हिन्दू-मुस्लिम और जिन्ना का जिक्र किया है। उन्होंने योगी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि अगले ढाई महीने तक हिन्दू मुस्लिम और जिन्ना का भूत उत्तर प्रदेश में रहेगा। जनता को इनके प्रवचनों में नहीं आना है। अलीगढ़ के इगलास क्षेत्र में एक विवाह समारोह में शामिल होने आए राकेश टिकैत ने भाजपा सरकार पर जमकर प्रहार किया जिन्ना के जिन्न को याद किया। उन्होंने कहा हिंदू-मुस्लिम और जिन्ना का जो भूत है वो अभी ढाई महीने उत्तर प्रदेश में रहेगा। वो ढाई महीने के कांट्रेक्ट पर यहां पर आया है। 15 मार्च तक यह भूत यहीं प्रवचन देगा, उनसे जनता को बचना है। यहां जाति और धर्म के नाम पर वोट मांगे जाते हैं। जब तक देश जाति, धर्म और हिंदू-मुस्लिम में बंटता रहेगा, देश विकास नहीं कर सकता। बता दें, अलीगढ़ के कस्बा इगलास में स्थित एक निजी गेस्ट हाउस में रविवार को भारतीय किसान यूनियन के टिकैत गुट के एक पदाधिकारी के बेटे की शादी समारोह का आयोजन था, जहां पर राकेश टिकैत शिरकत करने पहुंचे थे। यहां राकेश टिकैत ने यूपी में होने वाले चुनावों पर काफी बात की। उन्होंने कहा 13 महीने की ट्रेनिंग दिल्ली में होने के बाद अगर चुनाव में किसानों को बताना पड़ेगा कि क्या करना है, तो इसका मतलब किसानों की ट्रेनिंग कच्ची रही है। आधे रेट में फसल बेचकर, आलू को आधे रेट में बेचकर अब भी उन्हें यह बात बतानी पड़ेगी कि चुनाव में क्या करना है।

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

## भय, भ्रष्टाचार, भेदभाव... फिर योगी सरकार पर बरसीं मायावती, कहा- मजहब भी असुरक्षित



उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अब तक निष्क्रिय दिखीं बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) सुप्रीमो मायावती ने लगातार दूसरे दिन योगी सरकार पर बरसी हैं। मायावती ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि जान-माल के साथ मजहब असुरक्षित है। बसपा प्रमुख ने यह भी आरोप लगाया कि योगी सरकार उनके कामकाज का श्रेय ले रही है। मायावती ने एक के बाद एक दो ट्वीट के जरिए योगी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा, ꠳भय, भ्रष्टाचार, भेदभाव व जान-माल-मजहब की असुरक्षा अर्थात् यूपी की बदतर कानून-व्यवस्था, बेरोजगारी व लाखों पलायन आदि विशाल आबादी वाले इस राज्य की सबसे बड़ी समस्याएं हैं, जो लगातार बढ़ती ही जा रही हैं एवं लोगों में कुण्ठा पैदा कर रही हैं तथा समाज व प्रदेश पिछड़ रहा है, अति-दुःखद।꠳ एक अन्य ट्वीट में मायावती ने कहा, ꠳यूपी में बीएसपी की रही सरकार में लगभग ढाई लाख गरीब परिवारों को बुनियादी सुविधाएं-युक्त आवास उपलब्ध कराया व करीब 15-20 लाख मकानों की तैयारी चल रही थी, किन्तु सरकार बदलने के कारण यह कार्य अधूरा रह गया, जिसे ही भाजपा भुनाने का प्रयास कर रही है। इन्होंने अपना क्या किया꠳

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में
संपर्क करे-
9027776991

## उधम सिंह नगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई
## 7 कुख्यात अपराधियों के खिलाफ हुई गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रुद्रपुर- पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय उधम सिंह नगर के आदेशानुसार गिरोह बंद अपराधियों के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत थाना रुद्रपुर में हुई सनसनीखेज घटना वर्ष 2020 में वार्ड नंबर 13 के पार्षद प्रकाश धामी की दिनदहाड़े हत्या की गई थी जिसमें कोतवाली रुद्रपुर में मुकदमा पित नंबर 625 /2020 धारा 302 आईपीसी का अभियोग बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करते हुए सात अभियुक्त गणों को गिरफ्तार किया गया यह सातों ही अभियुक्त गण गिरोह बंद अपराधी हैं जिनके विरुद्ध प्रांत व गैर प्रान्त के विभिन्न थानों में भिन्न-भिन्न अभियोग पंजीकृत हैं जिनके द्वारा किए गए जघन्य अपराध की गंभीरता को देखते हुए आज दिनांक 23.01.2022 को प्रभारी निरीक्षक रुद्रपुर श्री विक्रम राठौर द्वारा सातों संगठित गिरोह बंद अपराधियों के विरुद्ध मुकदमा पित दव. 40/20 22 धारा 2/3 उत्तर प्रदेश गिरोह बंद समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया जिनका काफी विस्तृत अपराधिक इतिहास है जिन अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया उनका नाम निम्न वत हैं 1.राजेश गंगवार उत्तर दे गेंदनलाल निवासी भदईपुरा थाना रुद्रपुर उधम सिंह नगर,2. अन्नु गंगवार उफ्र मनोज गंगवार पुत्र गेंदनलाल निवासी उपरोक्त,3. राजकुमार उर्फ बिट्टू अभिषेक पुत्र श्री जगपाल निवासी बसेरा पलसेरा पिसावा अलीगढ़ उत्तर प्रदेश,4. विनय वर्मा उर्फ बंटू पुत्र सियाराम निवासी मोहल्ला माहुबला मलहनटुला पिनाहट आगरा उत्तर प्रदेश,5.रोहित राठौर उर्फ बिल्लू पुत्र ओमप्रकाश निवासी राधेश्याम एनक्लेव सिविल लाइन बारादरी बरेली उत्तर प्रदेश,6. जयकुमार उफ्र जैका इंद्रपाल सिंह निवासी जमालपुर शिकारपुर बुलंदशहर उत्तर प्रदेश,7.रिंकू शर्मा उर्फ पंडित पुत्र मुकेश शर्मा निवासी वार्ड नंबर 5 जग्गा पुर अम्बाह मुरैना मध्य प्रदेश।

## कोतवाली काशीपुर पुलिस द्वारा 5.72 ग्राम स्मैक के साथ अभियुक्त किया गिरफ्तार



दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रुद्रपुर- पुलिस उपमहानिरीक्षक / वरिष्ठ पुलिसअधीक्षक महोदय के आदेशानुसार चलाए जा रहे नशे के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय काशीपुर व श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय काशीपुर के निर्देशन में वह श्रीमान प्रभारी निरीक्षक महोदय काशीपुर के कुशल नेतृत्व में दिनांक 23/01/2022 को अभियुक्त हिमांशु चौधरी उर्फ नरेंद्र पुत्र श्री पप्पू सिंह निवासी ग्राम बहादुरपुर पट्टी थाना भगतपुर जिला मुरादाबाद को अलीगंज रोड श्मशान घाट के पास काशीपुर से 5.72 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया गया इस संबंध में थाना काशीपुर पर थ्द्व छ्व 56/22 नै/ 8/22 छक्दै ।बज पंजीकृत किया गया अभियुक्त को आज माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है गिरफ्तारी टीम - 1-उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार,चौकी प्रभारी टांडा उज्जैन,2 कॉन्स्टेबल 929 नरेंद्र लाल,3-कॉन्स्टेबल 996 भूपेंद्र सिंह,4-कॉन्स्टेबल 934 विनोद भट्ट

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

## किच्छा विधानसभा पर कांग्रेस और बीजेपी की मुश्किलें बढ़ी
## अजय तिवारी ने किया निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रुद्रपुर- 67 विधानसभा किच्छा में एक नया मोड़ देखने को मिला है अजय तिवारी जो बरसों से भाजपा में भाजपा कार्यकर्ता के रूप में अपनी सेवा दे रहे थे। आज उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है जिससे उनके समर्थकों मे खुशी की लहर दौड़ गई है ।क्षेत्र की जनता के आधार पर उन्हें एवं उनके समर्थकों को पूरी उम्मीद है कि उन्हें निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में किच्छा विधानसभा से पूर्ण जीत मिलेगी ।अजय तिवारी ने आज प्रेस



वार्ता में यह क्लियर कर दिया है ।कि वह किच्छा विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे और उनके साथ अधिकतर भाजपा के पदाधिकारी है जो सभी मिलकर भाजपा पार्टी से इस्तीफा देकर उनको विधानसभा चुनाव लड़एंगे। उनके इस ऐलान के बाद भाजपा प्रत्याशी राजेश शुक्ला एवं कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व स्वास्थ्य मंत्री तिलक राज बेहड़ की मुश्किलें काफी ज्यादा बढ़ गई हैं। ।वार्ता में वरिष्ठ समाजसेवी अजय तिवारी ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में रहना चाहता हूं और मैं अपने सभी समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं और किच्छा की जनता के विश्वास पर चुनाव लड़ूंगा और मुझे पूर्ण विश्वास है किच्छा की जनता मेरा साथ देगी और मैं पूर्ण बहुमत से किच्छा विधानसभा में जीत दर्ज करूंगा।

## सरकारी वाहनों व एम्बुलेंसों की भी होगी जांच''जिला मजिस्ट्रेट युगल किशोर पन्त



दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रुद्रपुर- ''सरकारी वाहनों व एम्बुलेंसों की भी होगी जांच''जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला निर्वाचन अधिकारी युगल किशोर पन्त ने बताया कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को पुरी तरह स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया को पुरी तरह स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी बनाने की दिशा में एक और कदम उठाया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन के दृष्टिगत जनपद में एसएसटी एवं एफएसटी टीमों का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन के दृष्टिगत राजकीय वाहनों एवं ऐंम्बुलेंस का भी निर्वाचन के दौरान दुरूपयोग हो सकता है। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान राजकीय वाहनों एवं एम्बुलेंसों का दुरूपयोग न हो, इसलिए जनपद के समस्त रिटर्निंग ऑफीसरों को राजकीय वाहनों तथा एम्बुलेंसों की भी नियमित रूप से जांच कराने के निर्देश दिये हैं।

ताजा अपडेट के लिए देखे

WWW.KNLSIVE.COM

## छात्र- छात्राओं के द्वारा माता-पिता को खत लिखकर, मेहंदी, पोस्टर आदि के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया



दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रुद्रपुर- मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत आज रुद्रपुर के काशीपुर रोड स्थित हिलान्स सरस बाजार के डेमोक्रेसी कैफे में महाविद्यालय रुद्रपुर के छात्र- छात्राओं के द्वारा माता-पिता को खत लिखकर, मेहंदी, पोस्टर आदि के माध्यम से उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व पर हम सबको भागीदारी अवश्य करना चाहिए ताकि हम सब मिलकर एक अच्छी सरकार का निर्माण कर सकें, क्योंकि एक अच्छी सरकार से ही अच्छे लोकतंत्र व अच्छे देश का निर्माण होता है। इस दौरान उप शिक्षा अधिकारी, डॉ रवि मेहता, डॉ गुँजन अमरोही, विनय प्रभा पाठक, रीता रॉय, निधि सिंह,




मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया ।इस अवसर पर मुख्य शिक्षा अधिकारी आरसी आर्या ने मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व पर लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करना हमारा कर्तव्य है, आयुषी सिंह, अनुराधा,एवं एनसीसी से अंडर ऑफिसर प्रतीक कौशिक, रंजू, गणेश सिंह बिष्ट, शिवप्रताप, मोहित चंद्र भट्ट, गौरव नेगी, बृजेश सैनी, जीशान, रोहित, सोनिया मैहर, कमल सिंह, राखी गंगवार, पायल दानू आदि उपस्थित थे।

## ठाकुरद्वारा में कोविड-19 प्रोटोकॉल के तहत मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस



मुरादाबाद-गणतंत्र दिवस इस बार कोविड-19 प्रोटोकॉल के तहत पूरी धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान विद्यालयों में अभिभावक भी मौजूद रहेंगे। प्रदेश के विद्यालय कोरोना संक्रमण फैलने को लेकर 30 जनवरी तक बंद किए जा चुके हैं। र नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती से गणतंत्र दिवस समारोह शुरू की घोषणा कर चुकी है। विद्यालयों में इस बार गणतंत्र दिवस पर केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करने की परंपरा निभाते हुए कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा। इस दौरान प्रधानाचार्य शिक्षक-शिक्षिकाएं और अभिभावक मौजूद रहेंगे। सोमवार को विद्यालयों में राष्ट्रगान और देशभक्ति गीत पेश करने के लिए छात्र छात्राओं को अभ्यास कराया गया।

## तहसील क्षेत्र में 4733 को लगा कोरोना से बचाव का टीका



मुरादाबाद- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ पर टीकाकरण अभियान के तहत 4711 लोगों का टीकाकरण किया गया। इसमें पहली और दूसरी दोनों डोज़ शामिल है। टीकाकरण अभियान का ब्लॉक प्रोजेक्ट मैनेजर एडीओ कोऑपरेटिव ने गांव में घूम घूमकर टीकाकरण कराया। सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ पर टीकाकरण अभियान के तहत 1242 पहली डोज और 3491 सेकंड डोज़ लगाई गई। कुल मिलाकर 4733 लोगों को कोविड-19 से बचाव के तहत टीका लगाया गया। ब्लॉक प्रोजेक्ट मैनेजर चंद्रशेखर ने टीकाकरण अभियान के तहत ग्राम फूलपुर में एडीओ कॉआपरेटिव राजनारायण के साथ घर-घर घूमकर 151 लोगों के टीका लगवाया जबकि 208 / 15 प्लस छात्र छात्राओं के टीके लगे। टीकाकरण में जुटी स्वास्थ्य विभाग की टीम से जानकारी ली। कहा कि लोगों को कोविड जैसी घातक बीमारी से बचाव को अधिक से अधिक संख्या में टीका लगना आवश्यक है। इसलिए जागरूक बनकर टीकाकरण कराइए।

WWW.KNLSLIVE.COM

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## मेरा काम सिर्फ विकास की ओर - रितेश गुप्ता

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



मुरादाबाद- विधायक रितेश गुप्ता और उनकी पत्नी हर छोटे-बड़े से मिलकर अपने दिनभर की गतिविधि को दे रहे हैं अंजाम नगर विधायक/28 नगर विधानसभा प्रत्याशी रितेश गुप्ता निरंतर सुबह से ही कार्यकर्ताओं के बीच रहते हैं इसी क्रम में आए प्रेम नगर वार्ड संख्या पांच बडावली काजीपुरा जवाहर नगर लोदीपुर मैं जनता के हर व्यक्ति से मिले हर घर जाकर नतमस्तक हुए नगर विधायक रितेश गुप्ता ने कहा मेरा काम सिर्फ विकास की ओर है जबकि अन्य पार्टियां विकास के बारे में नहीं सोचती भारतीय जनता पार्टी का किसी से मुकाबला नहीं है उसका मुकाबला सिर्फ प्रदेश में विकास कराना है नगर विधायक रितेश गुप्ता ने कहा जनता हमें जीता कर विधानसभा भेजती है तो हमारा भी फर्ज बनता है की जनता के हर व्यक्ति से मिलकर उसकी समस्या सुने लेकिन विपक्षी पार्टियां कभी जनता के बीच नहीं पहुंचती है जिससे जनता में निराशा रहती है और जनता का मन सिर्फ भारतीय जनता पार्टी के प्रति जागरूक रहता है दूसरी ओर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की संयोजिका एवं नगर विधायक की पत्नी अल्पना रितेश गुप्ता आज चंदन नगर आदर्श कॉलोनी गैलेक्सी अपार्टमेंट ट्यूबेल कॉलोनी पुराना आरटीओ रोड आदि क्षेत्रों में भ्रमण कर महिलाओं को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी और भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान की अपील की अल्पना रितेश गुप्ता ने कहा कि प्रदेश की जनता मुख्यमंत्री जी के साथ हैं क्योंकि एक व्यक्ति ने पूरे उत्तर प्रदेश के अंदर रामराज्य स्थापित कर एक प्रदेश को नई दिशा और दशा में परिवर्तित किया है भारतीय जनता पार्टी का नारा सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास है आज कार्यक्रम में मुख्य रूप से जय प्रकाश पाल नन्हे चौधरी संजय सैनी कुलदीप बिश्नोई अजीत बिश्नोई डॉक्टर कृपाल सिंह रामकरण पाल दीपा गुप्ता कमला वर्मा हेमा खत्री उर्वशी शुक्ला अंशु गुप्ता नैंसी गुप्ता उर्वशी शुक्ला उपासना शर्मा नीतू सक्सेना रेनू चौधरी दीपा चौधरी चौधरी तेजवीर सिंह बबलू जाटव विजेंद्र सिंह अजय पाल चंद्र प्रजापति रवि यादव सरिता चौधरी संजीव आनंद अशोक कुमार के के आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अजय को उम्मीदवार बनाए जाने पर जताई खुशी



मुरादाबाद-भाजपा ने लंबी जद्दोजहद के बीच आखिरकार अपने पत्ते खोल ही दिए। उन्होंने युवा चेहरे अजय प्रताप को उम्मीदवार बनाकर राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है।ठाकुरद्वारा में भाजपा के टिकट को लेकर कयास लगाए जा रहे थे कि पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश कुमार या जिलाध्यक्ष राजपाल चौहान के परिवार के किसी सदस्य को उम्मीदवार बनाया जाएगा। सोमवार को क्षेत्र के ग्राम नारायनपुर छंगा निवासी अजय प्रताप सिंह को प्रत्याशी बनाए जाने की सूचना मिली तो युवाओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। भाजपाइयों ने जगह-जगह आतिशबाजी छोड़ कर जश्न मनाया। स्योहारा बस स्टैंड पर आतिशबाजी के बाद मिठाइयां बांटी गई।

### एक तीर से साधे कई निशाने

क्षेत्र के ग्राम नारायनपुर छंगा निवासी अजय प्रताप सिंह पूर्व में भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रह चुके हैं। पंतनगर यूनिवर्सिटी से बीटेक की पढ़ाई कर चुके अजय प्रताप सिंह शिक्षित नेता को चुनावी मैदान में उतारकर भाजपा हाईकमान ने एक तीर से कई निशाने साधे हैं। ठाकुर बाहुल्य सीट पर अजय प्रताप को प्रत्याशी बनाए जाने से चौहान जाति को रिझाने की कोशिश की है। पूर्व सांसद सर्वेश कुमार के विश्वासपात्र कार्यकर्ताओं में अजय प्रताप सिंह को माना जाता है। उन्हें टिकट मिलने से सर्वेश कुमार की नाराजगी दूर करने की कोशिश की गई।

### सोशल मीडिया पर विरोध के सुर

ठाकुरद्वारा। जहां एक ओर अजय प्रताप के प्रत्याशी बनाए जाने को लेकर युवा भाजपाइयों में हर्ष की लहर है वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया पर विरोध भी शुरू हो गया है। अनुपम राजपूत आदि ने फेसबुक पर अपनी टाइमलाइन पर लिखा है कि अजय प्रताप दो बार भाजपा के प्रत्याशी से भितरघात करने पर चार वर्ष से निष्कासित चल रहे थे। अमित डॉन ने फेसबुक पर पोस्ट में लिखा है ठाकुरद्वारा से भाजपा 10 मार्च को सुबह दसे बजे हार जाएगी। विजेंद्र सिंह चौहान ने फेसबुक पर अपनी पोस्ट में लिखा है कि ठाकुरद्वारा से भाजपा के कमजोर प्रत्याशी है ठाकुर अजय प्रताप।

www.knlslive.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा-संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001;उत्तर प्रदेशद्ध से छपवाकर कार्यालय म. नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद ;उत्तर प्रदेशद्ध से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Corona medicines

Due to the corona epidemic, not only virus treatment research has accelerated, but research work on other diseases has also intensified. The war against the global pandemic began with the arrival of the COVID-19 vaccines in early 2021, and the year-end approval of two oral antiviral drugs, molnupiravir and paxlovid, is a milestone.These drugs promise to reduce the number of hospitalizations and deaths due to COVID-19. Even as these drugs become popular, researchers are still looking for more developed treatments. Sarah Cherry, an epidemiologist at the Perelman School of Medicine at the University of Pennsylvania, says that the edible drugs that have come up now are the first-generation antivirals against the corona virus.She says that our experience with antivirals against diseases such as hepatitis C and HIV suggests that we may be able to bring in better drugs over time. Continuous development of medicines is also necessary for people's faith. There are a large number of people who are still not able to believe in vaccines and Corona virus is bothering more such people.Clinical trial data shows that Molnupiravir has reduced hospitalizations and deaths by 30 percent. PaxLovid has cut hospitalizations and deaths by 89 percent. British regulators approved mollupiravir in November and paxlovid in December, while US regulators approved emergency use of the two drugs in December.Many drug makers are coming forward to manufacture these new drugs and soon their generic versions will be made in other countries. At present, the supply of these edible medicines being used in the treatment of corona is short. Scientists claim that when these medicines reach all the countries, they will be able to save more and more people from hospitalization and death. Are these first generation antivirals finally going to work against corona?Tim Sheehan, a corona expert at the University of North Carolina, says it is too early to tell.

There is no support situation for Molnupiravir and Paxlovid in India yet. Currently, only essential use of remdesivir and tocilizumab is allowed in India. An oral version of remdesivir is also being suggested as a treatment option.But it is still under testing. WHO and developed countries are giving a chance by approving new drugs, two of these drugs are brand new, berisitinib and sotrovimab. Several antiviral drugs are still in the process of research and investigation.Efforts are to develop a drug that gives reasonable results by taking it once a day. Scientists are engaged in the identification and validation of new targets for antivirals, so that this epidemic can be combated as well as any next virus-borne epidemic.

# Aira Khan was seen in a desi avatar with Nupur, thanked boyfriend's mother for the saree



Aamir Khan, daughter of actor Aamir Khan, who is called Bollywood's Mist Perfectionist, remains very active on social media. Aira Khan often shares her photos and videos on Instagram, which fans like very much. At the same time, Aira also keeps sharing pictures with her boyfriend Nupur Shikhare.In such a situation, this time Aira has shared photos with Nupur as well as her mother Pritam. In the pictures, Aira is wearing a sari which is from her boyfriend Nupur's mother Pritam (Nupur Shikhare mother Pritam Shikhare). These photos of Aira are becoming increasingly viral. Aira shared the picture- Actually Aira Khan has shared three pictures on Instagram. In these pictures, Aira is seen with her boyfriend Nupur and Nupur's mother Pritam. In the photos, Aira is wearing a sari, in which she is looking very beautiful. Fans and celebs are liking the pictures and praising them in the comment section. Said Pritam to thank you for the sari - With these pictures, Aira wrote in the caption, 'Khadi cotton saree from Bombay. Happy Sunday, thanks for the Pritam Shikhar saree, please don't miss the handbag.' Please tell that Pritam is Nupur's mother. It is not clear from Aira's caption whether this sari belongs to Pritam or Pritam has gifted her.Aira wants to become a director not an actress- Aira is away from films but remains in the news due to being a celebrity kid. Talking about career, Aira wants to become a director. Sometime back he directed a play in which Yuvraj Singh's wife and actress Hazel Keech was in the lead role.

# Lara Dutta made a big disclosure on the reason for taking a break from acting, told why this decision had to be taken



Actress Lara Dutta has been one of the popular actresses of Bollywood. He has won the hearts of the audience with his stellar performances in many films. Lara Dutta has appeared in films with many big actors, but there was a time when the actress took a break from the acting world and separated herself. Now he has revealed the reason for the break from acting.Lara Dutta spoke to news agency PTI. During this, apart from his upcoming films and web series, he also talked a lot about his film career. Lara Dutta, while disclosing the reason for taking a break in films, has told that she was tired of being the girlfriend and wife of the hero in films. So she decided to take a break from films and spend time with her daughter and husband.Lara Dutta said, 'By the time I reached my early 30s, I could honestly bid. At that time the industry was in a different place. You were cast because of casting a glamorous actress in a film. You were always playing the role of the hero's girlfriend or wife, I am tired of it.' Lara Dutta said that she decided to opt for comedy films to do something different.The actress says that she deliberately chose comedy films so that she can show off her better performance. Lara Dutta further said, 'It gave me much more than being the wife of someone's girlfriend. I left my mark by doing successful and famous comic films. It became my sweet spot and gave me a chance to do more than just be a pretty glamorous heroine on screen.Apart from this, Lara Dutta has talked a lot about her career. Talking about Lara Dutta's workfront, she was recently seen in the web series Kaun Banegi Shikharvati. Kaun Banegi Shikharvati was a comedy drama web series. In this web series, veteran actors Naseeruddin Shah, Raghubir Yadav, Soha Ali Khan, Kritika Kamra, Anya Singh, Cyrus Sahukar and Varun Thakur were also seen in important roles along with Lara Dutta. This web series has been released on the OTT platform Zee5 in the past.

# सैन्य सम्मान के साथ दी सैनिक को विदाई

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा -जलेसरः भारतीय सेना में लद्दाख सीमा पर तैनात अकराबाद निवासी सैनिक की मृत्यु के बाद रविवार को गांव पहुंचे पार्थिव शरीर को सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी। रविवार को प्रातः 8 बजे लद्दाख सीमा पर तैनात सैनिक कुवेंद्रपाल सिंह का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव अकराबाद पहुंचा। सैनिक का पार्थिव शरीर गांव पहुंचते ही हजारों की संख्या में लोग सैनिक के अंतिम दर्शन के लिए जुटने लगे। प्रातः 11 बजे गांव पहुंची सेना की टुकड़ी ने मृत सैनिक को पूर्ण सैन्य सम्मान देकर सलामी दी। तदोपरांत परिजनों ने मुखाग्नि देकर सैनिक का अंतिम संस्कार किया। उल्लेखनीय है कि हवलदार कुवेंद्रपाल सिंह (38) पुत्र राजकुमार सिंह फौजी निवासी अकराबाद थाना जलेसर भारतीय सेना की राजपूत रेजीमेंट के इंजीनियर कोर में लद्दाख में तैनात थे। बीते शुक्रवार को प्रातः लगभग 4 बजे उनके पेट में अपेंडिक्स का दर्द हुआ और उन्हें तत्काल आर्मी हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया। जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। सैनिक के शव को लद्दाख से ग्राम अकराबाद में लाकर अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर एसडीएम अलंकार अग्निहोत्री, सीओ इरफान नासिर खान, कोतवाली प्रभारी शंभुनाथ सिंह व पूर्व एमएलसी प्रत्येंद्रपाल सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# फुल ड्रेस रिहर्सल का निरीक्षण, परेड की गुणवत्ता में और सुधार लाने के दिए निर्देश

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा - गणतंत्र दिवस से पूर्व एसएसपी एटा ने किया फुल ड्रेस रिहर्सल का निरीक्षण, परेड की गुणवत्ता में और सुधार लाने के दिए निर्देश रिजर्व पुलिस लाइन एटा में 26 जनवरी को आयोजित होने वाली पुलिस गणतंत्र दिवस परेड 2022 का फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह द्वारा फुल ड्रेस रिहर्सल परेड का निरीक्षण किया गया। पूर्वाभ्यास परेड की कमान क्षेत्राधिकारी सकीट श्री विक्रांत द्विवेदी द्वारा की गई। परेड में नागरिक पुलिस, सशस्त्र पुलिस, महिला पुलिस, यातायात पुलिस,रेडियो टीम, फायर टीम, चिकित्सा टीम तथा डॉग स्क्वायड आदि टीमें शामिल रहीं। उक्त पूर्वाभ्यास के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री उदय शंकर सिंह द्वारा अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को परेड में और अन्य सुधार लाने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में शामिल पुलिसकर्मियों से वार्तालाप कर उन्हें गणतंत्र दिवस की महत्वत्ता के बारे में अवगत कराया गया। पुलिस लाइन में गणतंत्र दिवस की परेड की तैयारियां जोरों से चल रहीं हैं। सोमवार को पुलिस लाइन में फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। इस फुल ड्रेस रिहर्सल में एसएसपी उदय शंकर सिंह ने पहुंचकर निरीक्षण किया। पुलिसकर्मियों की परेड देखी और परेड में नजर आई खामियों को दूर कराया। इसके अलावा कार्यक्रम के आयोजन में भव्यता देने के संबंध में प्रभावी दिशा निर्देश दिए। पुलिस लाइन में संचालित परेड के लिए ग्राउंड में व्यवस्थाएं बनाई जा रहीं हैं। ग्राउंड की सफाई लगातार चल रही है। ग्राउंड की साज सज्जा के लिए भी तैयारियां की जा रही हैं। फूलदार फुलवाड़ी के पौधे भी पुलिस ग्राउंड की सज्जा के लिए मंगवाए गए हैं। पूरे मैदान का ले आउट तैयार किया गया है। पुलिस के अधिकारी पूरी नजर परेड की व्यवस्थाओं और गणतंत्र दिवस की तैयारियों के लिए बनाए हुए हैं। सभी अधिकारी एवं पुलिसकर्मियों ने रिहर्सल परेड में हिस्सा लिया। गणतंत्र दिवस समारोह की परेड की लगातार तैयारियां की जा रही हैं। फुल ड्रेस रिहर्सल संपन्न हुआ है। आयोजन को भव्यता देने के लिए तेजी से तैयारियां की

# अलाव के नाम पर हजारों रूपया कर्मचारी अपनी जेब में रख रहे

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा - नगर पालिका द्वारा एवं तहसील द्वारा इस कड़कड़ाती ठंड में गरीबों के लिए एकमात्र सहारा होता है अलाव लकड़ी के अलाव जलाकर आने जाने वाले यात्री शहर के जैसे बस स्टैंड नन्नू मल चौराहा घंटाघर किराया शिकोहाबाद रोड स्थानों पर लकड़ी के अलाव हर वर्ष जलाए जाते थे मगर इस साल नगर पालिका एवं तहसील द्वारा 2 किलो लकड़ी रखकर जगह-जगह अलाव लगाना दर्शाया जा रहा है जोक की खानापूर्ति की जा रही है औ नगर एटा में अलाव के नाम पर हजारों रूपया कर्मचारी अपनी जेब में रख रहे हैंऔ आम जनता ठंड में मरने को मजबूर है

# कर्मचारियो को अग्नि शमन सुरक्षा सम्वंधी जानकारी देते हुए रिटायर्ड सी0 एफ0 ओ0



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा - डा0 सगीता मदर एण्ड चाइल्ड केयर सेंटर पश्चिम पुरी सिकन्दरा आगरा के कर्मचारियो को अग्नि शमन सुरक्षा सम्वंधी जानकारी देते हुए रिटायर्ड सी0 एफ0 ओ0 शिवदयाल शर्मा जनपद आगरा ।आगरा।आज दिनांक 24. 01.22.को श्री शिवदयाल शर्मा रिटायर्ड सी0 एफ0 ओ0 ने डा0 सगीता मदर एण्ड चाइल्ड केयर सेंटर पश्चिम पुरी सिकन्दरा आगरा हास्पीटल के कर्मचारियो को अग्नि शमन सुरक्षा सम्वंधी जानकारी दी गई ।तथा हास्पीटल मे मुख्यतरू आग लगने के कारणो व वुझाने की भी जानकारी दी गई ।तथा आग लगने पर हास्पीटल पर उपलब्ध अग्नि शामक यन्त्रो को चलाने की व वुझाते समय सावधानी बरतने की भी जानकारी दी गई । तथा कोराना को देखते हुए सरकार द्वारा दी गई गाइड लाइन के भी सुझाव दिये गये ।तथा साथ ही साथ सी. एफ.ओ ने हास्पीटल के कर्मचारियो को फायर स्टेशन के आपातकालीन टेलीफोन नंबरो की भी जानकारी दी गई ।मौके पर उपस्थित मैनेजर श्री मुन्ना लाल रावत व स्टाफ श्री रफीक अहमद, श्रीमती अनीता, हर्षिता , श्रीमती राजकुमारी आदि ने इस कार्य की काफी प्रशंसा एव सराहना की ।

# शक्ति केंद्रों पर हुआ भाजपा का पन्ना प्रमुख सम्मेलन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा - कासगंज। जनपद में भारतीय जनता पार्टी का शक्ति केंद्रों पर पन्ना प्रमुख सम्मेलन आयोजित कर मतदाता सूची के पन्ना प्रमुखों को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। सोमवार को सदर विधान सभा के शक्ति केंद्र नौ व दस पर पन्ना प्रमुखों के साथ वरिष्ठ नेताओं ने बैठक की। उन्हें जिम्मेदारी बताते हुए संगठन हित में कार्य करने के निर्देश दिए गए। सोमवार को पूर्व चेयरमैन डा. शशिलता चौहान के नदरई गेट स्थित आवास पर शक्ति केंद्र नौ व दस की बैठक हुई। मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता ज्ञानप्रकाश गुप्ता, पूर्व चेयरमैन डा. शशिलता चौहान, नगर उपाध्यक्ष विजयलक्ष्मी कश्यप, सुनील पांडेय, सुमित कुमार रहे। भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश गुप्ता ने पन्ना प्रमुखों को उनके दायित्व के बारे में जानकारी दी। बैठक में कबीर प्रताप सिंह, प्रशान्त सिंह कश्यप, ओम प्रकाश वर्मा, दीपक कश्यप, धीरेंद्र आनन्द, निशान्त सिंह, अरूण कुमार साहू समेत अन्य पन्ना प्रमुख मौजूद रहे। शहर के अशोक नगर में डीएसएन पब्लिक स्कूल पर शक्ति केंद्र एक, दो व तीन के पन्ना प्रमुख के साथ बैठक हुई। यहां मुख्य अतिथि राजस्थान से आए प्रवासी लोकेश खंडेलवाल, जिला महामंत्री नीरज शर्मा ने बताया कि पन्ना प्रमुखों को बूथ अध्यक्षों के साथ मिलकर अपने-अपने मतदाता सूची के पन्नों के मतदाताओं से संपर्क करना है। सुरेशचंद्र माहेश्वरी ने भी बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उत्तमचंद्र पाथरे, केके सक्सेना, तारिक सिद्दीकी, नन्हें बाबू, दिनेश संजीव कृपाशंकरसंदीप एडवोकेट, करन प्रताप सिंह, सोनू कुशवाह, गौरव गोस्वामी, राहुल गिरहार, विकास गोस्वामी मौजूद रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## ग्राम पंचायत हर्राटिकरा में आंगनबाड़ी हेतु चिन्हांकित भूमि पर नवीन अतिक्रमण को हटाया गया

रामचंद्र जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश एवं जिला पंचायत सीईओ श्री राहुल देव के मार्गदर्शन में जिले में शासकीय भूमि के अतिक्रमण पर लगातार राजस्व विभाग कार्रवाई कर रहा है। कार्रवाई के क्रम में आज ग्राम पंचायत हर्राटिकरा में आंगनबाड़ी हेतु चिन्हांकित भूमि पर नवीन अतिक्रमण को हटाया गया। कार्यवाही के दौरान लटोरी तहसीलदार डॉ. अमृता सिंह, नायब



तहसीलदार पिलखा माधुरी अचला, राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर उपस्थित थी। तहसीलदार डॉ. अमृता सिंह ने अतिक्रमण पर निरंतर कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

## नशीली टेबलेट के साथ 1 गिरफ्तार, थाना रामानुजनगर पुलिस की कार्यवाही

रामचंद्र जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- अवैध कार्यो के विरूद्व प्रभावी कार्यवाही को लेकर प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्री राजेश अग्रवाल के निर्देश पर नशे के कारोबार से जुड़े लोगों पर कार्यवाही जारी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में रविवार को थाना रामानुजनगर की पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम भुवनेश्वरपुर में घेराबंदी कर वहीं के रोहित राजवाड़े पिता रामबाबू को पकड़ा जिनके कब्जे से 650 नग नशीली टेबलेट कीमत 1463 रूपये का जप्त कर धारा 21(ए) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रामानुजनगर विकेश तिवारी, एएसआई बिसुनदेव पैंकरा, आरक्षक गणेश सिंह, मनीष साहू, संतोष ठाकुर, वेदप्रकाश राजवाड़े, व महेन्द्र सिंह सक्रिय रहे।




### ट्रेनी आईपीएस ने अग्रसर कार्यक्रम में छात्रों को दिए सफलता के टिप्स, आईपीएस बनने का अनुभव किया साझा।

सूरजपुर। जिले में पुलिस परिवार के अध्ययनरत् बच्चों सहित विभिन्न स्कूलों के 500 छात्र-छात्राओं को अग्रसर कार्यक्रम के तहत विशेषज्ञ शिक्षकों एवं शिक्षाविदों से शिक्षा के क्षेत्र में सफल होने तथा कैरियर उन्मुखी ऑनलाईन क्लासेस की सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्री राजेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में सोमवार, 24 जनवरी को जिले में प्रशिक्षण हेतु आए ट्रेनी आईपीएस श्री संदीप कुमार पटेल (भारतीय पुलिस सेवा) ने छात्र-छात्रों को वर्चुअल माध्यम से बेहतर शिक्षा एवं सिविल सर्विस परीक्षा सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षा में सफल होने के महत्वपूर्ण जानकारियां दी और आईपीएस बनने तक के सफर के अनुभवों को साझा किया। इस दौरान ट्रेनी आईपीएस श्री पटेल ने छात्रों को कहा कि कड़ी मेहनत और लगन से सफलता हासिल की जा सकती है, इसके लिए आप जिस भी कक्षा की पढ़ाई कर रहे है उन कक्षाओं के सभी विषयों में रूचि लेकर पढ़ाई करें, लगातार अखबार पढ़े और लिखने का अभ्यास करें ताकि उनके उत्तर बेहतर हों। साथ ही उन्होंने कहा कि नियमित अध्ययन करने से व्यवस्थित तैयारी होगी और नकारात्मक विचार नहीं आयेंगे, आत्मविश्वास भी एक वांछनीय गुण है, जिसका मन और मस्तिष्क पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। परीक्षा के समय नोट्स के मुख्य बिंदुओं पर फोकस कर उनका लगातार रिवीजन करें। परीक्षा के लिए अधिक से अधिक मॉक टेस्ट दें और उनका विश्लेषण करके अपनी कमजोरियों को दूर करें। उन्होंने अग्रसर कार्यक्रम में करीब डेढ घंटे तक वर्चुअल जुड़े रहकर शिक्षा के क्षेत्र में सफलता अर्जित करने एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने कई अहम जानकारियां दी और छात्र-छात्राओं के सवालों का बढ़े आत्मीयता से जवाब दिए और कहा कि जीवन में कुछ भी बनने के लिए उसके बारे में सोचना जरूरी है, लेकिन उसके लिए कड़ी मेहनत के साथ आपको सही दिशा में प्रयास करना होगा, किसी भी क्षेत्र में सफलता के लिए रूचि और समर्पण जरूरी है।

WWW.KNLSIVE.COM

## गणतंत्र दिवस समारोह के फाइनल रिहर्सल का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**समारोह में कोरोना गाइडलाइन का पालन करने दिए निर्देश**



रामचंद्र जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- गणतंत्र दिवस समारोह 2022 की तैयारियों का फुल ड्रेस रिहर्सल कार्यक्रम शासकीय आदर्श बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्टेडियम ग्राउंड सूरजपुर में आज आयोजित किया गया। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का मिनट टू मिनट तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए फिजिकल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखकर बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रवेश द्वार पर सेनेटाईजर की भी व्यवस्था करने कहा। रिहर्सल में मुख्य अतिथि का आगमन, ध्वजारोहण, जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन एवं पुरस्कार वितरण आदि का रिहर्सल किया गया। उन्होंने कोरोना के गाइडलाइन का पालन करते हुए गरिमामय एवं सादगी पूर्ण ढंग से कार्यक्रम मनाने संबंधित सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह स्थल पर बैठक व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, गुब्बारे, बैंड इत्यादि अन्य व्यवस्थाएं दुरूस्त करनें के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है। ज्ञातव्य है कि 26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं रामानुजगंज विधायक श्री बृहस्पत सिंह मुख्य अतिथि होंगे। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री राहुल देव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश राठौर, प्रशिक्षु आईपीएस संदीप पटेल, संयुक्त कलेक्टर श्री शिव बनर्जी एवं सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

WWW.KNLSLIVE.COM

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विषेष जागरूकता कार्यक्रम का वर्चुअल माध्यम से हुआ आयोजन

रामचंद्र जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सूरजपुर एवं महिला बाल विकास विभाग व षिक्षा विभाग के सहयोग से वर्चुअल मोड पर राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया । कार्यक्रम में माननीय श्री हेमन्त सराफ, जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सूरजपुर के मुख्य आतिथ्य में जिला कार्यक्रम अधिकारी सूरजपुर श्री चन्द्रबेस सिंह सिसोदिया, जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जायसवाल, सहायक परियोजना अधिकारी श्री रविन्द्र सिंहदेव षिक्षा विभाग एवं महिला संरक्षण अधिकारी श्रीमती इंदिरा चौबे की उपस्थित में संपन्न हुआ। राष्ट्रीय बालिका दिवस के




अवसर पर जिला न्यायाधीष श्री हेमंत सराफ ने वर्चुअल मोड पर उपस्थित विभागीय अधिकारीगण एवं जिले के छात्राओं को राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा आज बालिकाओं के अधिकारों एवं संरक्षण हेतु सिर्फ कानून का होना ही पर्याप्त नहीं है हमारे समाज की जो विचारधारा है उसमें बदलाव की आवष्कता है। उन्होने माननीय सुप्रीम कोर्ट की बात को रखते हुए कहा की बेटी भी अपने पिता के संपत्ति पर बराबर की हकदार है। उन्होन आगे कहा जितना अधिकार एवं सम्मान लडकों को दिया जाता है, उतना ही अधिकार एवं सम्मान बालिकाओं को भी देना चाहिए तभी समाज में समानता आ सकती है। साथ ही श्री सराफ ने इसके अलावा कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह, पोक्सो एक्ट, बच्चों व महिलाओं के अधिकार आदि विषयों पर चर्चा की। श्री मनोज जायसवाल ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के बारे में जानकारी देते हुए कहा की शासन के प्रयासों के बावजूद हमारे जिले में बाल विवाह होता रहा है जिसके कारण बालिकाओं की शिक्षा प्रभावित होने के साथ बाल विवाह वाले जोडे से पैदा लेने वाले बच्चे कुपोषित व कमजोर हो रहे है। श्री जायसवाल ने इसके अतिरिक्त पोक्सो एक्ट, गुड टच बैड टच के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। श्रीमती इंदिरा चौबे ने बालिकाओं की षिक्षा पर जोर दिया एवं शारीरिक प्रतिरक्षा हेतु जिले में होने वाले जुड़ो कराटे की ट्रेनिंग का लाभ उठाने पर भी जोर दिया। आज के कार्यक्रम का संचालन श्री पुनीत तिग्गा, व्यवहार न्यायाधीष वर्ग-2 के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिले के प्राचार्य, षिक्षकगण, पैरालिगल वालेंटियर्स एवं छात्राएं सम्मिलित रहे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने की विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत



अमरदीप कुशवाहा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

फर्रुखाबाद- प्रदेश नेतृत्व के निर्देश एवं गृह मंत्री अमित शाह के आवाहन पर विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। इसके अंतर्गत जनपद के चारों विधानसभाओं के क्षेत्र में विभिन्न चौराहों एवं तिराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रचार अभियान शुरू किया।भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने बताया फर्रुखाबाद जनपद में तीसरे चरण में वोटिंग होगी।पार्टी संगठन द्वारा अमृतपुर सदर एवं भोजपुर के प्रत्याशियों की घोषणा कर दी गई है। कायमगंज पर भी पार्टी जल्द ही फैसला लेगी।विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रचार अभियान को शुरू किया गया है।प्रचार अभियान की शुरूआत गृहमंत्री अमित शाह ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश से शुरू की है। जनपद के भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मुख्य चौराहे एवं तिराहे पर भाजपा सरकार के कार्यों के स्लोगन वाली पट्टिका लेकर 5-5 कार्यकर्ता प्रचार अभियान कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के प्रति लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। भाजपा सरकार ने गरीब दलित शोषित पिछड़े एवं वंचितों का विशेष ध्यान रखा है। उनको सरकारी योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था देश के अन्य राज्यों से काफी बेहतर है। सपा और बसपा के शासन में गुंडों और माफियाओं राज चलता था। इनकी सरकारों में आम आदमी सुरक्षित नहीं था। लेकिन भाजपा सरकार के शासन में बेटी और महिलाएं सुरक्षित महसूस कर रही हैं। आगामी दिनों में पार्टी कार्यकर्ताओं की 5-5 टोलियां गांव गांव पहुंचेंगी। इस अवसर पर दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक अभिषेक त्रिवेदी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मयंक सिंह बुंदेला, पूर्व नगर महामंत्री धीरेंद्र वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी, जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता, अंकित गुप्ता, आईटी संयोजक राजीव प्रताप सिंह, पीयूष त्रिपाठी, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष सागर पांडे आदि लोग मौजूद रहे।

www.knlslive.com

# गोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन

मनोज पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बदायूँ - 'नेशनल गर्ल्स चाल्ड डे' के अवसर पर "हमारी बेटिया हमारी पहचान" थीम/विषय पर गोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी किया गया, जिसके अन्तर्गत एक गोष्ठी का आयोजन जिला महिला चिकित्सालय बदायूँ एवं एक जिला स्तरीय लिंग संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन एनएचएम सभागार




कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी में किया गया। गोष्ठी में जिला महिला चिकित्सालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी गणों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका, जिला महिला चिकित्सालय बदायूँ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बदायूँ, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आर0सी0एच, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बदायूँ द्वारा लिंग संवेदीकरण पर अपने-अपने विचार दिये गये एवं जनमानस को कन्या भ्रूण हत्या पर प्रकाश डाला गया। कार्यशाला में कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिये कार्यशाला में उपस्थित नर्सिंगहोम से आये अल्ट्रासाउण्ड चिकित्सकों एवं अन्य विभाग के अधिकारियों द्वारा लिंग संवेदीकरण पर प्रकाश डाला गया। डॉ0 प्रदीप बार्ष्णेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय, द्वारा लिंग संवेदीकरण के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। डॉ0 कौशल गुप्ता द्वारा पीसीपीएनडीटी एक्ट 1994 के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। डॉ0 अनिल कुमार शर्मा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आरसीएच, डॉ0 कप्तान सिंह जिला चिकित्सालय बदायूँ, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सालय, डॉ0 तहसीन नोडल अधिकारी अर्बन, सुधा देवी जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी द्वारा भी लिंग संवेदीकरण के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

# शातिर तीन चोर बाइक सहित गिरफ्तार

अमर दीप कुशवाहा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

फर्रुखाबाद- कोतवाली फर्रुखाबाद पुलिस ने चोरी की बाइक बरामद कर तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है।रेलवे रोड चौकी इंचार्ज कामता प्रसाद ने मोहल्ला बाग कूंचा निवासी राहुल सिंह राठौर उर्फ गोलू ठाकुर पुत्र अवधेश सिंह मोहल्ला गढ़ी कोना फाटक निवासी अरमान मंसूरी पुत्र निजाम निजामुद्दीन एवं मोहल्ला नई बस्ती तेलियो वाली गली निवासी देवराज उर्फ राजन पुत्र स्वर्गीय राम सिंह को गिरफ्तार किया है। जिनकी निशा देही पर सुपर स्प्लेंडर बाइक बरामद की गई। इन चोरों ने बीते दिन ही मोहल्ला नवाब दिलावर जंग निवासी रूपचंद शिवानी की बाइक चुराई थी रूपचंद ने अज्ञात युवकों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# आज दिव्यांगजन मतदाता बनाएंगे विश्व रिकॉर्ड

मनोज पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बदायूँ - अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार वैश्य ने जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत्त स्वीकृति के अनुसार आज 25 जनवरी, 2022 को जिले में राष्ट्रीय मतदाता दिवस को पूरे उत्साह के साथ आयोजित किया जायेगा। जनपद के 20 हजार दिव्यांगजन मतदाता मताधिकार का प्रयोग करने के लिए समस्त बूथों पर एक ही समय में शपथ लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाएंगे। नगर बदायूँ में कार्यक्रम श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रत्येक बूथ पर तथा विभिन्न स्तरों पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने आये मतदाताओं द्वारा शपथ ली जाएगी। पूर्वान्ह में समय निर्वाचक/सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा बी0आर0सी0 पर, प्रत्येक मतदान केन्द्र पर बी0एल0ओ0 द्वारा तथा प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली ई0एल0सी0/पोलिंग स्टेशनों पर गठित चुनाव पाठशालों में समस्त नोडल अधिकारी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्वीप प्लान जनपद-बदायूँ द्वारा तथा जिला मुख्यालय/तहसील मुख्यालय पर पूर्वान्ह 11-00 बजे शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जायेगा जिसमें अधिक से अधिक युवाओं और महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जिले में स्थित कालेजों, महाविद्यालयों में छात्र/छात्राओं को प्रजातांत्रिक मूल्यों के उत्प्रेरण हेतु "चुनावों को समावेशी, सुगम और सहभागी बनाना" विषय पर विभिन्न गतिविधियां यथा निबन्ध, वाद-विवाद प्रतियोगिता, मॉक पोल, ड्राइंग और क्विज प्रतियोगिता आदि राष्ट्रीय मतदाता दिवस की पूर्व संध्या पर अथवा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के दिन ऑनलाइन प्रतियोगिता आदि कोविड गाइड लाइन/प्रोटोकाल का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए किया जायेगा। योजन किया गया है। जिसका सीधा प्रसारण यूट्यूब पर उपलब्ध होगा। उन्होंने समस्त जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों से अनुरोध किया है कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस आज 25 जनवरी, 2022 के अवसर पर इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में अपना बहुमूल्य समय देकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

# हाथी का साथ छोड़ साइकिल पर सवार हुए एस पी ठुकराल

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



रूद्रपुर-समाजवादी पार्टी से चुनाव लड़ेंगे ठुकराल बसपा की बड़ी जिम्मेदारी थी एस पी ठुकराल पर)-(सपा ने लगाई बसपा के खेमें में बड़ी सेंध) रूद्रपुर बसपा नेता और समाजसेवी सतपाल सिंह ठुकराल ने हाथी की सवारी को छोड़कर साइकिल की यात्रा की शुरू आत की है। समाजवादी पार्टी ने उत्तराखंड बसपा में बड़ी सेंध लगाते हुए बसपा नेता एस पी ठुकराल को अपने खेमे में खींच लिया है।जिसके बाद बसपा में खलबली मच गई है। वही सपा ने लगें हाथों उन्हें रूद्रपुर विधानसभा सीट से अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया।बसपा में छोड़ कर सपा में शामिल हुए एस पी ठुकराल ने रूद्रपुर विधानसभा सीट से ताल ठोक दी है ऐसा पहली बार होगा जब समाजवादी पार्टी ने किसी सिख धर्म के उम्मीदवार पर दाव खेला है। इससे पहले सपा ने वरिष्ठ किसान नेता तजिंदर सिंह विर्क को रूद्रपुर विधानसभा सीट से चुनाव के मैदान में उतारा था।एस पी ठुकराल रूद्रपुर में समाजसेवी के रूप में खासे लोकप्रिय है।इसके अलावा उन्होंने किसान आंदोलन में अपनी अहम भूमिका निभाई थी।अब एस पी ठुकराल रूद्रपुर विधानसभा सीट से साइकिल यात्रा करेंगे। इसके लिए उन्होंने अपने समर्थकों से संपर्क कर दिया है।सपा ने सही वक्त पर सही निशाना साधा है।

## डीएम- एसपी ने ब्लाक कमालगंज का निरीक्षण कर अशांति फैलाने वाले उपद्रवियों को दी चेतावनी



अमरदीप कुशवाह
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

फर्रुखाबाद- जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने संयुक्त रूप से ब्लाक कमालगंज के ग्राम शेखपुर रूसतमपुर, जराेरी एवं भाऊ नगला आदि का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान कोविड टीकाकरण कार्य का पर्यवेक्षण किया एवं अधिक से अधिक वोटिंग करने हेतु ग्रामीणों को जागरूक किया। वैक्सीनेशन टीम को डोर टू डोर जाकर टीकाकरण करने के निर्देश दिए। विधानसभा सामान्य निर्वाचन में निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर बिना किसी दबाव, भय एवं प्रलोभवन के शांतिपूर्ण ढ़ग से कोविड प्रोटोकॉल नियमों का पालन करते हुए मतदान में भाग लेने हेतु ग्रामीणों को जागरूक किया। यदि कोई उपद्रवी तत्व अशांति फैलाने का प्रयास करेगा तो उसके विरूद्ध कठोर कार्यवाही होगी। यदि कोई व्यक्ति शराब और पेट्रोल पर्ची का निःशुल्क वितरण करके अपने पक्ष में मतदान के लिए जनसामान्य को प्रेरित करता है, टोल फ्री नम्बर-1950, 112 एवं सीविजिल एप शिकायत कर सकते हैं, आपकी सूचना गोपनीय रखकर त्वरित कार्यवाही की जायेगी

## 1 फरवरी से 8 फरवरी तक होगा नामांकन

रिंकू जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती - भिनगा व श्रावस्ती विधानसभा क्षेत्र के चुनाव के लिए नामांकन पत्र कलेक्ट्रेट में जमा कराया जाएगा। इसके लिए एडीएम व बंदोबस्त न्यायालय कक्ष को चिह्नित किया गया है। जहां से एक से आठ फरवरी तक प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र जमा कर सकेंगे। नाम वापसी के लिए 11 फरवरी की तिथि निर्धारित की गई है। जिले की 289 भिनगा व 290 श्रावस्ती विधानसभा चुनाव के लिए 27 फरवरी को मतदान कराया जाएगा। जिसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश की ओर से नामांकन पत्र जमा करने के लिए सार्वजनिक अवकाश को छोड़ कर शेष एक फरवरी से आठ फरवरी तक का समय निर्धारित किया गया है। भिनगा विधानसभा क्षेत्र के लिए नामांकन पत्र कलेक्ट्रेट स्थिति न्यायालय अपर जिलाधिकारी कक्ष संख्या 38 में जमा कराया जाएगा। जबकि श्रावस्ती विधानसभा क्षेत्र के लिए नामांकन पत्र कलेक्ट्रेट स्थिति न्यायालय बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी कक्ष संख्या 44 में आयोग द्वारा निर्धारित समयावधि में जमा कराया जाएगा। वहीं निश्चित समयावधि में संबंधित रिटर्निंग ऑफीसर/सहायक रिटर्निंग आफीसर वहां मौजूद रह कर नामांकन पत्र प्राप्त करेंगे। उपरोक्त दोनों स्थलों पर नामांकन पत्रों की जांच 09 फरवरी को की जाएगी। जबकि नाम वापसी के लिए 11 फरवरी का समय निर्धारित किया गया है। नामांकन के दौरान प्रत्याशी व उसके दो प्रस्तावक को ही कक्ष में प्रवेश दिया जाएगा। इस दौरान प्रत्याशी व प्रस्तावक को कोविड प्रोटोकॉल का कड़ाई से अनुपालन करना होगा।

## श्रावस्ती में कोरोना वायरस की वजह से बौद्ध मंदिर बंद

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती - बौद्ध के प्रमुख तीर्थस्थल श्रावस्ती में कोरोना वायरस के चलते दर्जनभर से ज्यादा मंदिर बंद हैं और होटल खाली पड़े हैं. विदेशी पर्यटकों की बुकिंग रद्द हो गई है. करोड़ों का नुकसान होने के साथ स्थानीय लोगों में चीन, म्यांमार, कोरिया और जापान से आने वाले विदेशी सैलानियों के लिए ऐसा खौफ है कि लोग पास आने से डर रहे हैं. महात्मा बुद्ध ने जहां शिक्षा दी थी, उस जेतवन विहार के टिकट खिड़की पर सन्नाटा पसरा हुआ है. यही हाल दूसरे तीर्थ स्थलों मसलन अंगुलिमाल गुफा, अनाथ पिण्डक स्तूप, ओड़ाझार, पूर्वाराम, विश्व शान्ति घंटा पार्क का भी है. सूर्योदय से लेकर देर रात तक बुद्धं शरणं गच्छामि से गूंजते रहने वाले



श्रीलंका बुद्ध मंदिर, चाइना बुद्ध मंदिर, बर्मा बुद्ध मंदिर, महामंकोल बुद्ध मंदिर, कम्बोडिया बुद्ध मंदिर, कोरिया बुद्ध मंदिर, भारत-नेपाल मैत्री बुद्ध मंदिर, म्यांमार मोनेस्ट्री, भूटान बुद्ध मंदिर, थाई बुद्ध मंदिर, तिब्बत बुद्ध मंदिर जैसे तमाम तीर्थ स्थलों पर सन्नाटा पसरा हुआ है. इनमें से कई मंदिर कोरोना वायरस के भय से बंद हो चुके हैं और कई मंदिरों के खुले रहने के समय कम कर दिया गया है. वहीं श्रावस्ती का सबसे बड़ा थाईलैंड की डेन महामंकोल बुद्ध मन्दिर के प्रशासनिक लोगों द्वारा मंदिर के बाहर बाकायदा बोर्ड लगाकर कोरोना वायरस के रहने तक मंदिर बंद रहने की सूचना लिख दी है. कोरोना वायरस के डर से अब स्थानीय पर्यटक भी श्रावस्ती आने से कतराने लगे हैं

## झोलाछाप के इलाज से आधा दर्जन भैंसों की मौत

### एक दर्जन भैसों की हालत बनी हुई गम्भीर

अमरदीप कुशवाह
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

फर्रुखाबाद- झोलाछाप के इलाज से मवेशियों की मौत हो गयी। पशु चिकित्साधिकारी ने टीम के साथ गांव पहुंच बीमार मवेशियों का इलाज कर मृतक मवेशियों का पोस्टमार्टम किया। ग्रामीणों ने झोलाछाप के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अकराबाद निवासी सुखराम ने बताया कि दो दिन पूर्व गांव में एक झोलाछाप आया था। उसने जानवरों में फैल रही बीमारी का हवाला देते हुए वैक्सीन लगाने की बात कही। इस पर कई ग्रामीण राजी हो गए। उसने 30.30 रूपये लेकर प्रेम पाल, नेक्सेलाल, मटरू लाल, राजीव समेत कई अन्य लोगों की करीब 20 भैंसों को वैक्सीन लगा दी। इससे रात में ही भैसों की तबियत बिगड़ गई। छह भैंसें मर गई। 12 की हालात गंभीर है। ग्रामीणों ने सूचना पशु चिकित्साधिकारी को दी। चिकित्साधिकारी राज नारायण व रामेन्द्र सिंह ने टीम के साथ पहुंच मृत मवेशियों का पोस्टमार्टम किया। बीमार मवेशियों का इलाज किया। थाना प्रभारी दिग्विजय सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

■ बीमारी का हवाला देकर लगाया था इंजेक्शन

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

## आल इण्डिया जमीयतुल मन्सूर की बैठक सम्पन्न

सद्दाम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

कुशीनगर- कुशीनगर जनपद के गुरवलिया बाजार में आल इण्डिया जमीयतुल मन्सूर संस्था की बैठक जिलाध्यक्ष असरफ अली मंसूरी की अध्यक्षता में की गयी जिसके मुख्य अतिथि आल इण्डिया जमीयतुल मन्सूर संस्था के प्रदेश सचिव व वरिष्ठ अधिवक्ता उच्च न्यायालय इलाहाबाद जनाब यूसुफ अली मंसूरी व विशिष्ट अतिथि जनाब सिकन्दर बक्स मंसूरी रहे।इस बैठक की अध्यक्षता आल इंडिया जमीयतुल मन्सूर के जिलाध्यक्ष असरफ अली मंसूरी ने किया बैठक को संबोधित



करते हुए प्रदेश सचिव और वरिष्ठ अधिवक्ता उच्च न्यायालय इलाहाबाद यूसुफ अली मंसूरी ने कहा हमारा मंसूरी समाज अभी भी काफी पिछड़ा हुआ है हमें अपने वजूद को पहचानते हुए आगे बढ़ना होगा तथा समाज में अच्छा कार्य करना होगा हमारी संस्था का मूल कार्य ढूंढ कर आयोग का मांग करना तथा समाज में दबे कुचले लोगों की मदद करना शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा अच्छा चिकित्सा सुविधा मुहैया कराना है संस्थागत मंडल प्रभारी सिकंदर बक्श मंसूरी ने कहा हमें अपने साथ साथ पास पड़ोस में रह रहे हैं गरीब लोगों का भी ख्याल करना चाहिए अगर कोई परेशान है तो हम की मदद करनी चाहिए तथा लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना चाहिए !